प्रेस नोट

दिनांक: 14 वी सितंबर 2024

ई एस आई सी मॉडल अस्पताल बापूनगर में इन-हाउस डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन

आज दिनांक 14/09/2024 को ई एस आई सी मोडेल अस्पताल बापुनगर अहमदाबाद में इन - हाउस डायलिसिस विभाग का उद्घाटन ई एस आई सी के महा निदेशक श्री अशोक कुमार सिंह (भा. प्र. से.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर महा निदेशक के अलावा बीमा आयुक्त श्री दीपक जोशी, चिकित्सा आयुक्त डॉ दीपिका गोविल, आंचलिक चिकित्सा आयुक्त (पश्चिम अञ्चल) डॉ गुंजन गुप्ता, मुख्य अभियंता ले कर्नल शिव शंकर मंडल, क्षेत्रीय निदेशक, गुजरात श्री हेमंत पाण्डेय एवं अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ लीलाधर वंडीकर, चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी द्वारा किया गया। महा निदेशक ने अस्पताल का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से बातचीत की। महा निदेशक ने ई एस आई सी मोडेल अस्पताल बापूनगर में इलाज करवा रहे डायलिसिस के मरीजों से भी बातचीत की। लाभार्थियों ने अस्पताल में ही डायलिसिस सेवा उपलब्ध करवाने के लिए महा निदेशक का आभार व्यक्त किया तथा डायलिसिस इकाई में काम कर रहे सभी डॉक्टरों, नर्सीग एवं पैरमेडिकल स्टाफ के सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महा निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसके पूर्व इस अस्पताल में पी पी पी मोड पर डायलिसिस की सेवा उपलब्ध कराई जा रही थी। डायलिसिस की कुल 09 मशीनें 1.22 करोड़ की लागत से खरीदी गई है। यह सेवा अस्पताल में शुरू होने से ई एस आई सी के लाभार्थियों को इन - हाउस सुविधा मिलेगी। ई एस आई सी मोडेल अस्पताल बापूनगर को हाल में ही मानक सेवाएं देने के लिए एन ए बी एच (NABH - National Accreditation Board for Hospitals & Healthcare Providers) द्वारा प्राथमिक मान्यता प्रदान की गई है। इस अस्पताल में प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) भी लागू कर दी गई है।